जालंधर, शनिवार 11 मई 2024
JALANDHAR, LUDHIANA, AMRITSAR, CHANDIGARH
+91 97814 00247



# वंदे भारत 24
भारत के मन की बात

**सुविचार**
सफलता हाथों की लकीरों में नहीं माथे के पसीने में होती है

@vandebharat24 | vandebharat24news | @vandebharat24news | www.vandebharat24.com

# सुशील रिंकू, चरणजीत चन्नी, महिंदर केपी के इलावा नीटू शटरांवाला ने भी अपना नामांकन पत्र किया दाखिल

**जालंधर( हर्षशर्मा ):** पंजाब लोकसभा चुनाव से पहले नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया अधिसूचना जारी होने के साथ ही शुरू हो गई है। चुनाव के अंतिम चरण के लिए अधिसूचना जारी होने के चौथे दिन, आज विभिन्न दलों के 18 उम्मीदवार अपना नामांकन दाखिल किया। इनमें लुधियाना से बीजेपी उम्मीदवार रवनीत सिंह बिट्टू, जालंधर से कांग्रेस उम्मीदवार चरणजीत सिंह चन्नी, जालंधर से अकाली दल के उम्मीदवार महिंदर सिंह केपी, जालंधर से बीजेपी उम्मीदवार सुशील कुमार रिंकू शामिल हैं।

बता दें, भाजपा उम्मीदवार सुशील रिंकू, कांग्रेस उम्मीदवार चरणजीत चन्नी और अकाली दल के उम्मीदवार महिंदर सिंह केपी ने आज जालंधर में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

इसी के साथ जालंधर लोकसभा आम चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने के दूसरे दिन यानी 8 मई को, नीटू शटरांवाला ने एक स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया और जालंधर में नामांकन दाखिल करने के लिए खाता खोला। नीटू शटरांवाला अपने परिवार के सदस्यों के साथ प्रशासनिक कार्यालय पहुंचे और अदालत कक्ष में अपने दस्तावेज जमा किए।

जिला चुनाव अधिकारी-कम-डिप्टी कमिश्नर के कार्यालय में चरणजीत सिंह चन्नी के साथ प्रताप सिंह बाजवा भी मौजूद थे। बाकी शेष पृष्ठ 4 पर









# केजरीवाल को जमानत मिलते ही ईडी ने खेला नया दांव, कोर्ट में पेश की सप्लीमेंट्री चार्जशीट

**जालंधर ( काजल विज ):** AAP संयोजक और दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को आज सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली. कोर्ट ने केजरीवाल को 1 जून तक के लिए अंतरिम जमानत दे दी है. इस बीच प्रवर्तन निदेशालय ने बड़ा दांव खेला है.

ED ने दिल्ली शराब नीति घोटाले में 224 पेज की सप्लीमेंट्री चार्जशीट राउज एवेन्यू कोर्ट में दाखिल की है. जानकारी के मुताबिक ईडी के वकीलों द्वारा जमा कराई गई चार्जशीट को कोर्ट की ओर से रिसीव भी कर लिया गया है. अब यह कॉपी डिस्ट्रिक्ट जज समक्ष जाएगी. इस मामले में 13 मई को कोर्ट सुनवाई करेगा.

## इस शर्त पर कोर्ट ने दी है जमानत

बता दें AAP सुप्रीमो को यह जमानत लोकसभा चुनाव में प्रचार के लिए मिली है. जब इस मामले की पिछली सुनवाई हुई थी उस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि लोकसभा चुनाव 5 साल में आते हैं और ये असाधारण परिस्थिति है. अदालत ने शुक्रवार को शर्तों के आधार पर अरविंद केजरीवाल को जमानत दी. कोर्ट ने कहा कि हमारी शर्त है कि वे (केजरीवाल) सरकार के काम में बिल्कुल भी दखलंदाजी नहीं करेंगे. न ही कोई आधिकारिक कार्य करेंगे. अगर ऐसा हुआ तो फिर ये हितों का टकराव होगा.

## जमानत के पक्ष में कोर्ट ने क्या कहा?

सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता ने जमानत के पक्ष में कहा कि अरविंद केजरीवाल कोई आदतन अपराधी नहीं है. यह एक अभूतपूर्व परिस्थिति हैं.

लोकसभा का चुनाव चल रहा है और केजरीवाल दिल्ली के चुने हुए सीएम हैं. अगर चुनाव नहीं चल रहा होता तो अंतरिम जमानत देने का सवाल ही नहीं उठता.

# अमृतपाल सिंह को नहीं मिलेगी पैरोल, जेल से ही करेगा चुनाव के लिए नामांकन

**जालंधर ( दीपांशु चोपड़ा ):** वारिस पंजाब दे संगठन के प्रमुख और खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह को कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट ने उसे पैरोल पर रिहा करने से साफ इनकार कर दिया है। आपको बता दें कि अमृतपाल इस वक्त डिब्रूगढ़ सेंट्रल जेल में बंद है।

उसने जेल से ही पंजाब की खडूर साहिब लोकसभा सीट से निर्दलीय चुनाव लड़ने का फैसला किया है। चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने के लिए ही अमृतपाल में पैरोल की मांग करते हुए कोर्ट में याचिका दायर की थी।

बाकी शेष पृष्ठ 4 पर

## पंजाब में कब होंगे चुनाव?

पंजाब में लोकसभा की कुल 13 सीटें हैं और यहां चुनाव एक ही चरण में संपन्न कराएगा। पंजाब में लोकसभा चुनाव के अंतिम यानि 7वें चरण में 1 जून को मतदान होगा। इसके साथ ही यहां मतगणना 4 जून को ही होगी। बता दें कि देश के विभिन्न हिस्सों में पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल, दूसरे चरण का 26 अप्रैल, तीसरे चरण का 07 मई, चौथे चरण का मतदान 13 मई, पांचवें चरण का मतदान 20 मई, छठे चरण का मतदान 26 मई और सातवें चरण का मतदान 1 जून को संपन्न कराया जाएगा।





# शुभमन गिल में दिखा टी20 वर्ल्ड कप में नहीं चुने जा गुस्सा

## शतक के बाद दी गंदी-गंदी गालियां, VIDEO हुआ वायरल

**जालंधर ( हिमांशु ):** शुक्रवार को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ गुजरात टाइटंस के सलामी बल्लेबाज और कप्तान शुभमन गिल ने तूफानी शतकीय पारी खेली। अहमदाबाद के मैदान पर उन्होंने एक बार फिर जलवा बिखेरा और सीजन का अपना पहला शतक पूरा किया।

चेन्नई के गेंदबाजों को रिमांड में लेते हुए शुभमन गिल ने बेहतरीन प्रदर्शन दिखाया। वहीं, शतक जड़ लेने के बाद उन्होंने पूरे जोश के साथ जश्न मनाया। इसी बीच वह गाली-गलौज करते दिखे। शुभमन गिल के इस सेलिब्रेशन का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

### Shubman Gill ने शतक जड़ने के बाद दी गंदी गालियां

10 मई को अहमदाबाद में आईपीएल 2024 का 59वां मुकाबला खेला गया। नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स ने टॉस जीतकर



गुजरात टाइटंस को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया, जिसके बाद टीम का प्रदर्शन लाजवाब रहा।

इस दौरान कप्तान शुभमन गिल के बल्ले ने जमकर आग उगली। चेन्नई सुपर किंग्स के गेंदबाजों को आड़े हाथ लेते हुए उन्होंने रनों का अंबार लगा दिया। साथ ही छक्के-चौकों की जड़ी लगाकर वह अपने सौ रन का आंकड़ा पूरा कर पाए।

शुभमन गिल ने 17वें ओवर की दूसरी गेंद पर आईपीएल 2024 का अपना पहला शतक पूरा किया इस ओवर में गेंदबाजी के लिए सिमरजित सिंह आए। बाकी शेष पृष्ठ 4 पर

HAKIM TILAK RAJ KAPOOR HOSPITAL PVT. LTD.
NEAR FOOTBALL CHOWK, JALANDHAR | Call/Whatsapp No. +91-95015-02525

आयुर्वेदिक एवं यूनानी दवाइयों तथा पंचकर्मा द्वारा हर बीमारी के सफल इलाज के लिए मिलें।
Dr. Nuvneet Kapoor
B.A.M.S., M.D (H.T.R.K.)
Ph.: 0181-5092525
Website : www.hakimtilakraj.in

S.T COLLEGE OF NURSING & MEDICAL SCIENCES
Recognized by INC, New Delhi, Affiliated by BFUHS, Faridkot & PNRC, Mohali Approved by Govt. of Punjab.
COURSES OFFERED
ANM 2 Years Diploma
GNM 3 Years Diploma
B.Sc (Nursing) 4 Years Degree
D-Pharmacy (Ay.) 2 Years & 3 Months Diploma
10+1 & 10+2 (P.S.E.B)
V.P.O. Mehlanwali, Una Road, Hoshiarpur Pb.
Contact : +91-62841-11519, +91-99145-82525
www.stnursinginstitute.in

# 'मेरे पांच साल बर्बाद किए, अब लाश को...', गर्लफ्रेंड ने किया ब्रेकअप

## लैब टेक्निशयन ने 40 इंजेक्शन लगाकर दे दी जान

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** कानपुर में एक युवक प्रेमिका से ब्रेकअप का सदमा बर्दाश्त नहीं कर पाया। जिसके बाद उसने होटल में एक कमरा रेंट पर लिया। फिर वहां खुद को बेहोशी के 40 इंजेक्शन लगा लिए।

इससे उसकी जान चली गई। मरने से पहले उसने एक सुसाइड नोट भी छोड़ा। जिसमें लिखा कि मेरी लाश को सिर्फ मेरे भैया को देना। गर्लफ्रेंड को देखने तक न देना। उसने मेरे पांच साल बर्बाद कर दिए।

घटना चकेरी थाना क्षेत्र के एक होटल की है. पुलिस ने बताया कि ऑपरेशन थियेटर के टेक्निशियन ने ग्लूकोज में बेहोशी की दवाओं का ओवरडोज लेकर होटल के कमरे में सुसाइड कर लिया।




लोगों को इसकी जानकारी तब हुई जब होटल का कमरा नहीं खुलने पर मैनेजर ने पुलिस को सूचना दी। दरवाजा तोड़कर देखा गया तो युवक का शव बेड पर पड़ा हुआ था। पर्दे की रॉड के सहारे ग्लूकोज की बोतल टंगी थी और युवक के दाहिने हाथ में ड्रिप लगी हुई थी।

पुलिस को मौके से एक सुसाइड नोट भी मिला है। इसमें लैब टेक्निशियन ने गर्लफ्रेंड से प्यार में धोखा मिलने की बात लिखी हुई थी। मृतक का नाम विजय सिंह बताया जा रहा है जो नौबस्ता के एक प्राइवेट अस्पताल में ओटी टेक्निशियन था।

### पांच साल से था अफेयर

जानकारी के मुताबिक, विजय सिंह का एक युवती से बीते पांच सालों से अफेयर था।

वह युवती भी एक प्राइवेट अस्पताल में नर्स थी. कुछ दिन पहले दोनों के बीच झगड़ा हो गया और विजय ने उस पर हाथ उठा दिया।

इसके बाद युवती सीधे थाने चली गई. वहां उसने पुलिस से शिकायत की. साथ ही अपने घरवालों को भी इस घटना की जानकारी दी। युवती ने तब आरोप लगाया कि विजय पहले से शादीशुदा था और उसकी पहली पत्नी उसे छोड़कर चली गई थी।

ये बात छिपाकर उसने उसके साथ लव मैरिज की थी. पहली पत्नी से तलाक नहीं होने के कारण उनका विवाह मान्य नहीं था इसलिए वो विजय के साथ नहीं रहना चाहती।

### विजय का सुसाइड नोट

उस समय पुलिस ने दोनों के बीच समझौता तो कराया। लेकिन दोनों के रिश्ते फिर दोबारा नहीं सुधरे. शायद विजय इस बात को बर्दाश्त न कर पाया और उसने बुधवार को कोयला नगर स्थित होटल में कमरा लेकर वहां खुदकुशी कर ली. पुलिस को जो सुसाइड नोट मिला है उसमें मौत से पहले विजय ने लिखा है, 'मैं विजय सिंह यादव, मेरे साथ अच्छा नहीं हुआ, तुमने मेरे साथ अच्छा नहीं किया। मेरे पांच साल तुमने बर्बाद कर दिए और आज बचा हुआ करियर भी. सभी लोग मुझे माफ करें. मैं अपनी जिंदगी से हार चुका हूं. मेरी लाश आशीष भैया को छोड़कर किसी को मत देना।

गर्लफ्रेंड को तो बिल्कुल भी मत देखने देना मेरी लाश को।' पुलिस ने कहा कि युवती को पूछताछ के लिए बुलाया गया है. वहीं, विजय के शव को भी पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है। मामले में आगामी जांच जारी है। हर एंगल से इस पर जांच की जाएगी।

# झारखंड के बाद अब MP में भी मिला 'नोटों का पहाड़', रकम को देख पुलिस भी चकराई

**जालंधर( दीपांशु चोपड़ा ) :** झारखंड के बाद अब मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के घर से भी 'नोटों का पहाड़' मिलने का मामला सामने आया है। पुलिस ने नोटों को जब्त कर आयकर विभाग को इस बारे में सूचित कर दिया है।

नोटों की तादाद अधिक होने के चलते पुलिस उन्हें अबतक गिन नहीं पाई है।

जानकारी के अनुसार, भोपाल के पंत नगर कॉलोनी में कैलाश खत्री नामक व्यक्ति के घर से भारी मात्रा में नोटों की गड्डियां बरामद की गईं। पुलिस का कहना है कि जिस शख्स के घर से यह रकम मिली है उसने खुद के मनी एक्सचेंज का कारोबार करने का दावा किया है। बरामद किए गए नोट 5, 10 और 20 रुपये मूल्य के बताए जा रहे हैं।

डीसीपी भोपाल जोन-1 प्रियंका शुक्ला ने कह कि 38 साल के कैलाश खत्री के घर से बड़ी मात्रा में कैश बरामद हुआ है। उसका कहना है कि वह पिछले 18 साल से मनी एक्सचेंज का काम कर रहा है जिसके तहत वह 5 रुपये, 10 रुपये और 20 रुपये मूल्यवर्ग के क्षतिग्रस्त नोटों के बदले अपना कमीशन लेकर ग्राहकों को नए नोट उपलब्ध कराता है।

पुलिस ने नए नोटों की गड्डियां और क्षतिग्रस्त नोट कब्जे में ले लिए हैं और दोनों की गिनती कराई जा रही है।

डीसीपी ने कहा कि हालांकि, उसके पास से ऐसा कोई दस्तावेज नहीं मिला है, जिससे पता चले कि वह ऐसा करने के लिए अधिकृत हो। इसलिए, कार्रवाई अभी भी चल रही है। आयकर विभाग को इसकी सूचना दे दी गई है। आयकर विभाग का कहना है कि अगर नकदी 10 लाख रुपये से अधिक होगी तो वे इसका संज्ञान लेंगे... अभी गिनती चल रही है।

### झारखंड में भी मिला था नोटों का अंबार

गौरतलब है कि बीत 6 मई को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने झारखंड के मंत्री आलमगीर आलम के सेकेट्री के एक नौकर के घर छापेमारी के दौरान 35.23 करोड़ रुपये की बेहिसाब नकदी और कई आधिकारिक दस्तावेज बरामद करने का दावा किया था। सूत्रों ने बताया कि मंत्री से जुड़े स्थान से 32 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी जब्त की गई वहीं केंद्रीय एजेंसी ने कुछ अन्य परिसर में की गई तलाशी में अलग से तीन करोड़ रुपये से अधिक की नकदी बरामद की गई।

ईडी के सूत्रों के अनुसार, नकदी गिनने के लिए नोट गिनने वाली आठ मशीन लगानी पड़ी थीं। बरामद की गई नकदी में मुख्य रूप से 500 रुपये के नोट थे।




# वैष्णो देवी श्रद्धालुओं को जम्मू से कटड़ा के बीच मिलेगी सीधी हेलीकॉप्टर सेवा

### श्रद्धालुओं को मिलेंगे ये दो विशेष पैकेज



**जालंधर ( हिमांशु ) :** कम समय में और बेहतर सुविधाएं पाकर मां वैष्णो देवी के विशेष दर्शन करने के अभिलाषी श्रद्धालुओं के लिए श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड नई सुविधा शुरू करने जा रहा है। सब कुछ योजना अनुसार हुआ तो जून के पहले पखवाड़े में जम्मू से सीधे माता वैष्णो देवी के लिए हेलीकॉप्टर सेवा उपलब्ध होगी।

### पंछी हेलीपैड पर श्रद्धालुओं को उतारेगा हेलीकॉप्टर

हवाई जहाज से जम्मू एयरपोर्ट पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को वहीं से वैष्णो देवी भवन के लिए हेलीकॉप्टर सेवा मिलेगी। हेलीकॉप्टर पंछी हेलीपैड पर श्रद्धालुओं को उतारेगा। इसके साथ उन्हें विशेष दर्शन सहित अन्य सुविधाएं भी मुहैया करवाई जाएंगी। वापसी पर हेलीकॉप्टर से ही श्रद्धालुओं को जम्मू एयरपोर्ट पहुंचाया जाएगा।

### अभी कटड़ा से सांझीछत के बीच ही हेलीकॉप्टर सेवा उपलब्ध

इस हेलीकॉप्टर सेवा के दो तरह के पैकेज होंगे और इसके लिए शुल्क भी निर्धारित कर दिया गया है। पहला पैकेज प्रति श्रद्धालु 35 हजार रुपये व दूसरा पैकेज प्रति यात्री 50 हजार रुपये होगा।

मौजूदा समय में कटड़ा से सांझीछत के बीच ही हेलीकॉप्टर सेवा उपलब्ध है। इसके लिए एक तरफ से प्रति श्रद्धालु 2100 शुल्क तय है।

जम्मू से वैष्णो देवी हेलीकॉप्टर सेवा के लिए नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) पहले ही अनुमति दे चुका है। वैष्णो देवी के बैटरी कार मार्ग पर स्थित पंछी हेलीपैड पर तकनीकी सुविधा के साथ ही श्रद्धालुओं के लिए अन्य सुविधाओं को श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड अंतिम रूप दे रहा है। श्रद्धालुओं को यह सेवा ग्लोबल वेक्ट्रा के साथ ही हिमालयन हेली सर्विसेज की ओर से उपलब्ध करवाई जाएगी।

### पहला पैकेज : 35 हजार रुपये प्रति श्रद्धालु

श्रद्धालु जम्मू एयरपोर्ट से हेलीकॉप्टर से सीधे पंछी हेलीपैड पर पहुंचेंगे। वहां से उन्हें आगे भवन तक ढाई किलोमीटर बैटरी कार सेवा उपलब्ध होगी। भवन पर पहुंचते ही श्रद्धालुओं को बिना समय गंवाए मां के विशेष दर्शन कराए जाएंगे। इसके साथ ही प्रसाद भी दिया जाएगा। इसके बाद उन्हें रोपवे से भवन से भैरव घाटी रवाना किया जाएगा। वापस रोपवे से भवन पर पहुंचकर श्रद्धालु वहां से फिर बैटरी कार से पंछी हेलीपैड (Panchi Helipad) पहुंचाए जाएंगे। जहां से श्रद्धालुओं को हेलीकॉप्टर से जम्मू एयरपोर्ट के लिए रवाना किया जाएगा। एक दिन की इस सुविधा के लिए प्रति श्रद्धालु 35 हजार रुपये शुल्क लिया जाएगा।

### दूसरा पैकेज : 50 हजार रुपये प्रति श्रद्धालु

पहले पैकेज में मिलने वाली सभी सुविधाएं दूसरे पैकेज में भी श्रद्धालु को मिलेंगी। इसके अतिरिक्त भवन पर श्रद्धालु को रुकने के लिए कमरा उपलब्ध करवाया जाएगा। इसके साथ ही अटका आरती में बैठने का मौका मिलेगा। आरती के साथ ही विशेष दर्शन की सुविधा भी मिलेगी।

आवश्यकता पंजाब के हर शहर व कस्बे से वंदे भारत 24 भारत के मन की बात के लिए पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है। मोब. 97814-00247, 97804-00247






# अरविंद केजरीवाल को इन 5 शर्तों पर मिली जमानत?


**जालंधर (काजल विज) :** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को बड़ी राहत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को उन्हें लोकसभा चुनाव में प्रचार के लिए एक जून तक अंतरिम जमानत दे दी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने कहा कि कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में गिरफ्तार केजरीवाल को दो जून को आत्मसमर्पण करना होगा और जेल वापस जाना होगा।

## केजरीवाल की जमानत के लिए सुप्रीम कोर्ट की 5 शर्तें

1. सुप्रीम कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल को 50 हजार के निजी मुचलके पर जमानत दी है।
2. आदेश में कहा गया है कि केजरीवाल मुख्यमंत्री दफ्तर और दिल्ली सचिवालय नहीं जाएंगे।
3. अरविंद केजरीवाल बिना उपराज्यपाल की अनुमति के किसी फाइल पर साइन नहीं करेंगे।
4. दिल्ली के सीएम केजरीवाल शराब नीति घोटाले में अपने भूमिका को लेकर कोई टिप्पणी करेंगे।
5. अरविंद केजरीवाल जमानत के दौरान इस मामले के किसी गवाह से भी संपर्क नहीं करेंगे।

## 5 जून तक अंतरिम जमानत देने की मांग को ठुकराया

पीठ ने केजरीवाल के वकील अभिषेक सिंघवी के इस अनुरोध को स्वीकार नहीं किया कि उन्हें पांच जून तक अंतरिम जमानत दी जाए। एक जून को लोकसभा चुनाव के लिए सातवें और अंतिम चरण के तहत मतदान होगा। मतगणना चार जून को होगी। न्यायालय ने कहा कि केजरीवाल को अंतरिम जमानत देने के कारणों का विवरण बाद में दिया जाएगा।




## 21 दिन के लिए अंतरिम जमानत देने से नहीं पड़ेगा फर्क

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू ने चुनाव प्रचार के आधार पर आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक को अंतरिम जमानत दिए जाने का विरोध करते हुए कहा कि ऐसा कोई पूर्व उदाहरण नहीं है। न्यायालय ने कहा कि केजरीवाल को 21 दिन के लिए अंतरिम जमानत देने से कोई खास फर्क नहीं पड़ेगा। पीठ ने कहा कि ईडी की 'प्रवर्तन मामला सूचना रिपोर्ट' (ईसीआईआर) अगस्त 2022 में दर्ज की गई थी जबकि मुख्यमंत्री को इस साल 21 मार्च को गिरफ्तार किया गया।

## गिरफ्तारी की टाइमिंग पर सुप्रीम कोर्ट ने क्या कहा?

पीठ ने ईडी से कहा, 'वह डेढ़ साल तक बाहर रहे। उन्हें पहले या बाद में गिरफ्तार किया जा सकता था लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ।' मेहता और राजू ने न्यायालय से जमानत शर्तें लागू करने का अनुरोध किया जिनमें यह भी शामिल हो कि केजरीवाल आबकारी नीति मामले के संबंध में कुछ नहीं कहेंगे। पीठ ने कहा कि जमानत की शर्तें वैसी ही होंगी जैसी 'आप' नेता संजय सिंह के मामले में लागू की गई थीं। सिंह को इसी मामले के सिलसिले में पिछले महीने जमानत दी गई थी।

## 1 जून तक के लिए मिली अंतरिम जमानत

लोकसभा चुनाव 2024 के बीच दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। दिल्ली शराब घोटाला मामले में जेल में बंद अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से राहत मिल गई है।

### 'अदालत ने बहुत संक्षिप्त मौखिक आदेश सुनाया'

केजरीवाल की ओर से न्यायालय में पेश हुए वकील शादान फरासत के अनुसार अदालत ने बहुत संक्षिप्त मौखिक आदेश सुनाया है। उन्होंने कहा, 'हमने अभी तक लिखित आदेश नहीं देखा है। इसलिए हमें लिखित आदेश की वास्तविक विषयवस्तु नहीं पता। अदालत ने कहा कि वे केजरीवाल को दो जून तक अंतरिम जमानत/जमानत पर रिहा कर रहे हैं और इस तरह की कोई शर्त नहीं है कि वह इन 20-22 दिन रिहाई के दौरान प्रचार के समय क्या कह सकते हैं और क्या नहीं कह सकते।'

फरासत ने कहा, 'हमें उम्मीद है कि आज यह आदेश अद्यतन होगा और तब हम उनकी रिहाई के लिए उचित प्रक्रिया अपनाएंगे।' शीर्ष अदालत मामले में केजरीवाल की गिरफ्तारी को बरकरार रखने के दिल्ली उच्च न्यायालय के पिछले महीने के फैसले को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर सुनवाई कर रही है।

# केजरीवाल की नई मुसीबत, शराब घोटाले के किंगपिन के तौर पर दर्ज करेगी नाम

## भ्रष्टाचार मामले में आरोपी नामित होने वाली पहली पार्टी बनेगी!



**जालंधर( दीपांशु चोपड़ा ) :** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल फिलहाल जेल में बंद हैं। लगातार बेल के लिए अदालत से गुहार लगा रहे हैं लेकिन बात नहीं बन पाई है। इसके साथ ही चुनाव सिर पर है ऐसे आप के लिए ये वक्त किसी चुनौती से कम नहीं है।

सुप्रीम कोर्ट मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को अंतरिम जमानत देने पर आदेश सुनाने के लिए तैयार है। जिस पर आज फैसला अदालत सुनाएगी।

जानकारी के अनुसार प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कथित दिल्ली शराब नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में एक नए आरोपपत्र में आम आदमी पार्टी (आप) को आरोपी के रूप में नामित करेगा। यह पहली बार है कि भ्रष्टाचार के किसी मामले में किसी एजेंसी द्वारा दायर आरोपपत्र में किसी राष्ट्रीय पार्टी को आरोपी के रूप में नामित किया जाएगा।

**ईडी शराब नीति मामले में ताजा आरोप पत्र में आप को आरोपी बनाएगी**

**पहली बार अरविंद केजरीवाल को भी आरोपी बनाया जाएगा**

**सुप्रीम कोर्ट की अंतरिम जमानत पर सुनवाई के बाद एजेंसी चार्जशीट दाखिल करेगी ईडी का दावा**

ईडी ने दावा किया है कि उसने केजरीवाल से जुड़ा एक मनी ट्रेल स्थापित किया है। इससे पहले, ईडी ने दिल्ली की एक अदालत के समक्ष दावा किया था कि आप द्वारा प्राप्त रिश्वत में से 45 करोड़ रुपये का इस्तेमाल पार्टी ने 2022 के गोवा विधानसभा चुनावों में अपने अभियान के दौरान किया था।

एजेंसी शुक्रवार को केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई के बाद आरोप पत्र दाखिल कर सकती है। सूत्रों ने बताया कि अगर सुनवाई पूरे दिन चलती रही तो कल आरोपपत्र दाखिल किया जाएगा। गिरफ्तारी के दो महीने के भीतर आरोपी के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल करना अनिवार्य है। केजरीवाल 21 मई को न्यायिक हिरासत में दो महीने पूरे कर लेंगे। उन्हें शराब नीति मामले में 21 मार्च को गिरफ्तार किया गया था और वर्तमान में वह तिहाड़ जेल में बंद हैं।

# 'हम उन्हें जेल से ही चुनाव लड़ने की सुविधा देंगे..', लोकसभा उम्मीदवार बनेंगे खालिस्तानी अमृतपाल, सुविधा देगी पंजाब सरकार

**जालंधर ( संदीप मान ) :** वर्तमान में डिब्रूगढ़ जेल में राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (रासुका) के तहत हिरासत में लिए गए खालिस्तानी समर्थक अमृतपाल सिंह ने पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय से खडूर साहिब लोकसभा सीट के लिए अपना नामांकन दाखिल करने के लिए सात दिनों के लिए रिहा होने की अनुमति मांगी है। अपनी याचिका में उन्होंने अदालत से नामांकन दाखिल करने के लिए उनकी अस्थायी रिहाई का आदेश जारी करने का अनुरोध किया है। वहीं, वैकल्पिक रूप से, उन्होंने चुनाव आयोग से जेल परिसर के भीतर उनके नामांकन दाखिल करने की व्यवस्था करने को कहा है। इस पर जवाब दाखिल करते हुए पंजाब सरकार ने हाई कोर्ट को आश्वासन दिया है कि जेल अधीक्षक अमृतपाल सिंह की नामांकन प्रक्रिया की निगरानी करेंगे, जो सोमवार तक पूरी हो जाएगी। नतीजतन, हाईकोर्ट ने अमृतपाल सिंह की याचिका का निपटारा कर दिया। बता दें कि, अमृतपाल सिंह खालिस्तानी समर्थक संगठन वारिस पंजाब दे के प्रमुख हैं, जो फ़िलहाल ह्रू के तहत जेल में बंद हैं। अस्थायी रिहाई का अनुरोध करने के अलावा, अमृतपाल सिंह ने डिब्रूगढ़ शाखा के माध्यम से तरनतारन में एचडीएफसी बैंक में एक बैंक खाता खोलने की अनुमति भी मांगी थी। साथ ही उन्होंने नामांकन फॉर्म भरने के लिए एक प्रस्तावक से मिलने की इजाजत देने को कहा था।



सिंह को पिछले साल अप्रैल में गिरफ्तार किया गया था और कड़े राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत हिरासत में लिया गया था, जब उनके समर्थक पंजाब के अजनाला में एक पुलिस स्टेशन में घुस गए थे और उनके एक सहयोगी की रिहाई को लेकर पुलिस के साथ झड़प हुई थी। अमृतपाल सिंह ने खुद को खालिस्तानी आतंकवादी जरनैल सिंह भिंडरावाले के जैसा बना लिया है और एक महीने से अधिक समय तक वाहन बदलने और हुलिया बदलकर पुलिस को चकमा देने के बाद मोगा में गिरफ्तार किया गया था।

# दुष्यंत चौटाला का उलटा पड़ गया दांव

## 3 MLA पहुंच गए खट्टर के द्वार; पार्टी में टूट का खतरा

**जालंधर( संदीप मान ):** हरियाणा में सियासी संकट के बीच बड़े सियासी उलटफेर की संभावना जताई जा रही है। कुछ दिनों पहले ही एनडीए गठबंधन से अलग हुए जननायक जनता पार्टी के नेता और पूर्व उप मुखामंत्री दुष्यंत चौटाला ने गवर्नर को चिट्ठी लिखकर नायब सिंह सैनी सरकार से विधानसभा में बहुमत साबित करने को कहने की मांग की थी लेकिन अब खबर आ रही है कि चौटाला की ही पार्टी टूटने की कगार पर पहुंच गई है।

खबर है कि जजपा के तीन विधायक राज्य में जारी सियासी संकर के बीच पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल शहर से मिलने पहुंचे थे। माना जा रहा है कि में विधायक कभी भी पाता बदल सकते हैं और भाजपा का दामन थाम सकते हैं। जजपा के पास कुत 10 विधायक है। अगर ये संख्या तीन ही रही तो इन विधायकों के टूटने पर दल-बदल कानून लागू हो सकता है। बर्चा है कि और भी जजपा विधायक भाजपा के संपर्क में हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि सहर के साथ कनपा विधायकों की बैठक पानीपत



में राज्य मंत्री महिपाल दांठा के आवास पर आज दोपहर करीब 2 बजे हुई। आधे घंटे क्ली बैठक में खट्टर और दांडा के अलावा जननायक जनता पार्टी के तीनों विधायक मौजूद थे। सूत्रों ने बताया कि नेताओं ने मौजूदा राजनीतिक संकट पर चर्चा की। हालांकि मेजबान मंत्री ढांडा ने इस मामले पर कोई टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

इस बैठक में टोहाना विधायक देवेंद्र बबती, नरवाना से रामनिवास सूरजखेड़ा और जोगीराम सिहाग शामित हुए। मनोहर तात से मुलाकात करने वाले जोगीराम सिहाग और देवेन्द्र बबत्ती ने कहा कि राज्यपात को पत्र भेजने से पहले हमसे कोई बात नहीं की गई। अब माना जा रहा है कि जजपा के कुछ विधायक अलग से बैठक कर सकते हैं। राजनीतिक संकट के बीच भाजपा की नजर जजपा पर बनी हुई है।

बता दें कि दो दिन पहले तीन निर्दलीय विधायकों ने राज्य की भारतीय जनता पार्टी सरकार से समर्थन वापस ले लिया था। इसके बाद नायब सिंह सैनी की सरकार अल्पमत में आ गयी है। इसके बाद जननायक जनता पार्टी (जजपा) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दुष्यंत चौटाला ने आज हरियाणा के राज्यपात बंढारू दत्तात्रेय को चिट्ठी लिखकर विधानसभा में बहुमत साबित करवाने की मांग की थी।

जजपा से गठबंधन तोड़ने के बाद मार्च में ही नायब सिंह रोनी सरकार बनी थी। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर करनाल से और रणजीत चौटाता हिसार सीट से लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। इन दोनों नेताओं ने विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। इनके इस्तीफों के बाद इस समय 90 सदस्यीय विधानसभा में मौजूदा 88 विधायक है। सदन में बहुमत का आंकड़ा 45 है, जबकि तीन निर्दलीय विधायकों के समर्थन वापस लेने के बाद भाजपा सरकार के साथ 43 विधायक है। हालांकि, सेनी औस्खहर का दावा है कि उनकी सरकार पर कोई संकट नहीं है और विपक्षी दलों के कुछ विधायक भी उनके संपर्क में हैं।

## बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश, अदालत बोली- काफी सबूत हैं

**जालंधर( जसवीर ):** दिल्ली की अदालत ने भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश दिया है। अदालत ने यह भी कहा कि इस मामले में बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ आरोप तय करने के लिए काफी सबूत हैं। कुश्ती महासंघ के पूर्व बृजभूषण शरण सिंह पर महिला पहलवानों से यौन उत्पीड़न का केस चल रहा है। इस मामले में अब अदालत ने उनके खिलाफ आरोप तय करने की बात कही है। बृजभूषण के अलावा उनके सहयोगी विनोद तोमर के खिलाफ आरोप तय किए जाएंगे। दोनों के खिलाफ 6 महिला पहलवानों ने यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था। दोनों के खिलाफ 5 महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न को लेकर सेक्शन 354 और 354



के तहत आरोप तय होंगे। इसके अलावा दो महिला पहलवानों से उत्पीड़न के मामले में सेक्शन 506 (भाग 1) के तहत आरोप तय होंगे। वहीं छठी महिला पहलवान से उत्पीड़न के मामले से उन्हें बरी कर दिया गया है। अब इस मामले की सुनवाई 21 मई को होगी। इस तरह बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ मामला आगे बढ़ रहा है। इससे पहले मंगलवार को राउज एवेन्यू कोर्ट की जज प्रियंका राजपूत ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। अदालत का कहना था कि फैसला तैयार है, लेकिन उसकी कॉपी में कुछ सुधार करने हैं। इसलिए अब अगली सुनवाई 10 मई को होगी। बता दें कि इस मामले में बृजभूषण शरण सिंह ने यह भी अपील की थी कि इस मामले में पहले और जांच की जाए। उसके बाद ही आरोप तय किए जाएं।

इस पर अदालत ने कहा था कि हम विचार करेंगे, लेकिन अगली सुनवाई में इससे इनकार कर दिया। बृजभूषण शरण सिंह ने दावा किया था कि जिस दिन यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया जा रहा है, उस दिन वह दिल्ली में नहीं थे।

## छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के खिलाफ बड़ा ऑपरेशन, सुरक्षाबलों ने 12 नक्सली मार गिराए

**जालंधर ( नितिका ) :** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के पीड़ा के जंगलों में आज सुबह से पुलिस और नक्सलियों के बीच जारी मुठभेड़ में 12 नक्सलियों को ढेर कर दिया गया। यह संख्या और भी बढ़ सकती है। वहीं, मौके से भारी मात्रा में हथियार बरामद हुए हैं। पुलिस के उच्च अधिकारी पास के ही कैम्प से मानिटरिंग कर रहे हैं। सर्चिंग जारी है। दक्षिण बस्तर क्षेत्र के उप पुलिस महानिरीक्षक कमलोचन कश्यप ने बताया कि बीजापुर जिला मुख्यालय से 55 किलोमीटर दूर पीड़ा के जंगलों में नक्सलियों की बड़े लीडर की सूचना पर दंतेवाड़ा, बीजापुर तथा सुकमा तीन जिलों के जवानों द्वारा आज सुबह से संयुक्त ऑपरेशन लॉच किया गया था, जिसमें जिला रिजर्व पुलिस बल, स्पेशल टास्क फोर्स, केन्द्रीय सुरक्षा बल सहित कोबरा बटालियन समेत 12 सौ से ज्यादा जवानों ने इलाके को घेर रखा है, अभी भी सर्चिंग जारी है। कमलोचन ने बताया कि अब तक नक्सलियों के 8 शव बरामद किए गए हैं और भारी मात्रा में हथियार मिले हैं। पास के ही केन्द्रीय सुरक्षा बल के कैम्प से पुलिस के उच्च अधिकारी कमान संभाले हुए हैं।



पृष्ठ 1 का शेष

### अमृतपाल सिंह को नहीं मिलेगी पैरोल, जेल से ही ...

#### नॉमिनेशन की सभी प्रक्रिया जेस से पूरी की जाएगी

पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट ने कहा है कि अमृतपाल को नामांकन के लिए 7 दिनों की पैरोल नहीं दी जाएगी। पंजाब सरकार ने हाई कोर्ट को जानकारी दी है कि जेल में ही अमृतपाल सिंह के नॉमिनेशन की सभी प्रक्रिया पूरी की जाएगी। सोमवार को अमृतपाल सिंह के नामांकन का काम पूरा हो जायेगा। इस जानकारी के बाद हाई कोर्ट ने अमृतपाल सिंह की याचिका का निपटारा कर दिया है। साफ है की अब अमृतपाल सिंह को अपना नामांकन जेल से ही भरना होगा।

#### बीते साल अप्रैल में गिरफ्तार हुआ था अमृतपाल

पंजाब पुलिस ने बीते साल अप्रैल महीने में खालिस्तान समर्थक कट्टरपंथी अमृतपाल सिंह को रोडे गांव (भिंडरावाले के पैतृक गांव) से गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस को उसकी गिरफ्तारी के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी थी। करीब एक महीने तक फरार रहने के बाद अमृतपाल को पकड़ा गया। वो 18 मार्च से ही अजनाला से फरार चल रहा था और 23 अप्रैल को मोगा में मिला। इसके बाद उसे पंजाब से डिब्रूगढ़ सेंट्रल जेल शिफ्ट कर दिया गया था।

### सुशील रिंकू, चरणजीत चन्नी, महिंदर केपी के इलावा नीटू शटरांवाला...

इस बीच मीडिया से बात करते हुए अकाली दल के उम्मीदवार महिंदर सिंह केपी ने कहा कि इस बार पंचकोणीय मुकाबला है और अकाली दल पूरी तरह से तैयार है। इस बार अकाली दल का असर शहरों के साथ-साथ गांवों में भी दिख रहा है। अपने विरोधियों के बारे में उन्होंने कहा कि इस बार मुकाबला पंचकोणीय है, लेकिन कई पार्टियां भी मैदान में उतरी हैं।



सभी ने प्रत्याशी जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त के कार्यालय पहुंचे, जहां डीसी डॉ. हिमांशु अग्रवाल के न्यायालय कक्ष में लोकसभा चुनाव के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान डॉ. हिमांशु ने बताया कि नामांकन 14 मई तक सुबह 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक जमा किये जा सकेंगे। नामांकन की जांच 15 मई को होगी और नामांकन पत्र वापस लेने की आखिरी तारीख 17 मई है।

पंजाब में 7 मई से 9 मई तक 61 उम्मीदवारों ने 68 नामांकन पत्र दाखिल किए हैं।

### शुभमन गिल में दिखा टी20 वर्ल्ड कप में नहीं चुने जा गुस्सा...

उनकी लो फुल टॉस गेंद को बल्लेबाज ने ऑन साइड पर पुल शॉट के लिए खेला।

**Shubman Gill के सेलिब्रेशन का वीडियो हुआ वायरल :** बॉल तेजी से सीमा रेखा के पार चली गई और इस चौके की मदद से शुभमन गिल ने सेंचुरी जड़ दी। इसके बाद उन्होंने जोशीले अंदाज में सीजन के अपने पहले सैंकड़े का जश्न मनाया।

हालांकि, इस दौरान शुभमन गिल गाली देते भी नजर आए। आईपीएल ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर उनके सेलिब्रेशन का वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह गंदी गाली देते दिखाई दे रहे हैं। वहीं, अब यह वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। ऐसे में कहा जा रहा है कि आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप टीम इंडिया में चुने नहीं जाने की वजह से शुभमन गिल ने यह हरकत की है। दरअसल, उन्हें अगले महीने से होने वाले टूर्नामेंट के लिए बतौर रिजर्व खिलाड़ी टीम में जोड़ा है।





# बंगाल यौन उत्पीड़न : राज्यपाल ने राजभवन की सीसीटीवी फुटेज सार्वजनिक कर पीड़िता की पहचान उजागर की

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने राजभवन की एक महिला कर्मचारी द्वारा उनके खिलाफ लगाए गए छेड़छाड़ के आरोपों के बाद गुरुवार (9 मई) को लगभग 50 से अधिक लोगों को 2 मई के परिसर के सीसीटीवी फुटेज दिखाए.

हिंदुस्तान टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, एक असामान्य स्क्रीनिंग के लिए कोलकाता में राजभवन के प्रतिष्ठित हॉल में एक अंधेरे कमरे में 50 से अधिक लोगों की भीड़ एकत्र हुई. राज्यपाल सीवी आनंद बोस अपने ऊपर लगे आरोपों से खुद को बेदाग साबित करने की कोशिश में 2 मई की फुटेज प्रसारित करने वाले थे, जिस दिन उनके कार्यालय में एक अस्थायी कर्मचारी ने उन पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था. स्क्रीनिंग के समय बोस हॉल में मौजूद नहीं थे लेकिन वह राजभवन के परिसर में मौजूद थे.

दर्शकों को राजभवन के उत्तरी गेट पर लगे दो सीसीटीवी कैमरों की 69 मिनट की फुटेज दिखाई गई. फुटेज में बहुत कम गतिविधि थी, जिसमें मुख्य रूप से सफेद वर्दी में लगभग 30 से 40 पुलिस कर्मियों को परिसर के विशाल लोहे के गेटों के आसपास घूमते हुए दिखाया गया है.

हालांकि, कुछ सेकंड के लिए वीडियो में शिकायतकर्ता को - उनका चेहरा ब्लर किए बिना राजभवन की मुख्य इमारत से बाहर निकलते हुए और उत्तरी गेट के पास परिसर के अंदर तैनात



पुलिस कर्मियों से बात करते हुए दिखाया गया.

उनका खुद को बेदाग साबित करने के लिए की गई स्क्रीनिंग ने अब बोस को एक नए विवाद में डाल दिया है, जहां शिकायतकर्ता महिला ने उन पर पहचान उजागर करने का आरोप लगाया है. उन्होंने मीडिया से कहा, 'ऐसा करके उन्होंने न सिर्फ मेरा बल्कि मेरे परिवार का अपमान किया है.'

मालूम हो कि महिला ने बोस पर दो बार उसके साथ यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है. पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की है क्योंकि उनका कहना है कि यह उनके अधिकार क्षेत्र से बाहर है. आरोप लगाए जाने के कुछ घंटों बाद राज्यपाल ने 2 मई को रात 9.20 बजे एक बयान जारी कर आरोपों से इनकार किया था और राजभवन में पुलिस के प्रवेश पर रोक लगा दी थी. बोस ने बुधवार को घोषणा की थी कि वह 2 मई की फुटेज जारी करेंगे और गुरुवार को इसे राजभवन परिसर के अंदर उन पहले 100 लोगों के लिए प्रसारित करेंगे जिन्होंने इसे देखने के लिए ईमेल के जरिये अनुरोध किया था. बताया गया है कि लगभग 50 लोग, जिनमें से अधिकांश मीडिया कर्मी और राजभवन कर्मचारी थे, जल्दबाजी में आयोजित इस स्क्रीनिंग के लिए पहुंचे थे. हालांकि, वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने कहा है कि उन्हें कोई फुटेज नहीं मिला है, लेकिन पीड़िता ने इसे प्रसारित करने के लिए राज्यपाल की आलोचना की है.

द टेलीग्राफ की रिपोर्ट के मुताबिक, महिला ने गुरुवार को कहा, 'मेरी अनुमति के बिना मेरे चेहरे को बिना ब्लर किए लोगों को दिखाया गया और ऐसा करना एक अपराध है. कार्यक्रम में शामिल एक व्यक्ति से मुझे मेरा वीडियो मिला, जिसमें मुझे ब्लर नहीं किया गया था. इसका मतलब है कि मुझे बदनाम करने के लिए ये वीडियो फैलाए जा रहे हैं.'

ज्ञात हो कि भारतीय कानून के मुताबिक कोई भी व्यक्ति यौन उत्पीड़न की शिकायत करने वाले की पहचान को उजागर नहीं कर सकता है.

शिकायतकर्ता ने कहा, 'सीसीटीवी वीडियो से पता चलता है कि मैंने उत्तरी गेट पर पुलिस से संपर्क किया. ये हास्यास्पद है. अगर ग्राउंड फ्लोर की सीसीटीवी इमेज भी जारी की जाए तो उसमें दिखेगा कि मैं रो रही हूं. मैं एक आम नागरिक हूं और वे राज्यपाल हैं. उन्हें पुलिस को जांच करने की अनुमति देनी चाहिए.'

उन्होंने कहा, 'अगर वह निर्दोष थे, तो उन्होंने पुलिस जांच की अनुमति दी होती. मैं लाई-डिटेक्टर जैसे किसी भी तरह के परीक्षण का सामना करने के लिए तैयार हूं.' राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने कहा है कि राज्यपाल ने 'अप्रासंगिक फुटेज' साझा किया है.

राज्य की वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने कहा, 'पश्चिम बंगाल की आबादी 10 करोड़ से अधिक है. फुटेज को केवल 100 लोगों के साथ साझा किया गया था. लेकिन उन्होंने इसे पुलिस के साथ साझा करने से इनकार कर दिया है. सीसीटीवी फुटेज से पता चला कि महिला उत्तरी गेट पर पुलिस के पास पहुंची. यह कितना प्रासंगिक है? वह पहले ही कह चुकी है कि उसने पुलिस से संपर्क किया जिसने शिकायत दर्ज करने में उसकी मदद की.'

# चुनाव आयोग ने कांग्रेस अध्यक्ष को दिया 'करारा जवाब'

## मल्लिकार्जुन खड़गे को लगाई फटकार; आरोपों को बताया निराधार

**जालंधर( दीपांशु चोपड़ा ) :** भारतीय निर्वाचन आयोग ने कुप्रबंधन और मतदान डेटा जारी करने में देरी के आरोपों को खारिज कर दिया है। चुनाव आयोग का कहना है कि खड़गे का आरोप निराधार, बिना तथ्य वाले और भ्रम फैलाने के पक्षपातपूर्ण और जानबूझकर किए गए प्रयास को दर्शाते हैं।

**कांग्रेस पर चुनाव आयोग ने की तीखी टिप्पणी :** निर्वाचन आयोग ने कहा है कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का मतदान प्रतिशत आंकड़े पर विपक्षी नेताओं को लिखा गया पत्र पूर्वाग्रहपूर्ण विमर्श को आगे बढ़ाने का प्रयास है।

मतदान प्रतिशत आंकड़े को लेकर अपने सहयोगी दलों को खड़गे द्वारा लिखे गये पत्र पर निर्वाचन आयोग ने कहा कि कांग्रेस के अतीत, वर्तमान के गैर-जिम्मेदाराना बयान परेशान करने वाले हैं।

### मल्लिकार्जुन खड़गे के बयान पर ECI का सवाल

चुनाव आयोग मतदान के आंकड़े देने में किसी भी देरी से इनकार करता है और बताता है कि अद्यतन मतदान का डेटा हमेशा मतदान के दिन से अधिक रहा है; 2019 के आम चुनाव के बाद से तथ्यात्मक मैट्रिक्स प्रदान करता है। आयोग का कहना है कि सभी तथ्यों को ध्यान में रखते हुए, कांग्रेस अध्यक्ष एक पक्षपातपूर्ण कहानी को आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं।




### आयोग ने खड़गे की दलीलों को खारिज कर दिया

निर्वाचन आयोग ने कुप्रबंधन, मतदान प्रतिशत का आंकड़ा जारी करने में देरी संबंधी खड़गे के आरोपों को खारिज किया और आरोपों को निराधार और बिना तथ्य वाला बताया। ईसीआई ने मतदाता मतदान डेटा पर भारतीय गठबंधन के नेताओं को संबोधित खड़गे के पत्र का संज्ञान लिया है और इसे बेहद अवांछनीय पाया है। आयोग ने खड़गे की दलीलों को स्पष्ट रूप से खारिज कर दिया।

### चुनाव में बाधा डालने के लिए खड़गे को फटकार

भारत निर्वाचन आयोग ने चल रहे लोकसभा चुनाव 2024 में बाधा डालने के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को फटकार लगाई। ईसीआई ने उनके बयानों को लाइव चुनाव संचालन के महत्वपूर्ण पहलुओं पर आक्रामकता कहा। चल रहे चुनावों के बीच में मतदाता मतदान डेटा जारी करने के संबंध में निराधार आरोप स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों के संचालन में भ्रम, गलत दिशा और बाधाएं पैदा करने के लिए लगाए गए हैं। बयान मतदाताओं की भागीदारी पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं और राज्यों में बड़ी चुनाव मशीनरी को हतोत्साहित कर सकते हैं।

# मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर एक्सीडेंट में 3 लोगों की मौत, 8 घायल; बेकाबू ट्रक ने दो गाड़ियों को टक्कर मारी




**जालंधर ( नितिका ) :** महाराष्ट्र में सुबह-सुबह मुंबई-पुणे एक्सप्रेस वे पर ट्रक के ब्रेक फेल होने से वह दो गाड़ियों से टकरा गया। जिससे 3 लोगों की मौत हुई और 8 गंभीर रूप से घायल हैं। महाराष्ट्र में भोर घाट के पास मुंबई-पुणे एक्सप्रेस-वे पर एक ट्रक के ब्रेक फेल हो गए। ट्रक के ब्रेक फेल होने के कारण वह नियंत्रण खो बैठा ओर दो गाड़ियों में टक्कर मार दी। जिससे तीन लोग की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं 8 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। घायलों को आनन-फानन में खोपोली के अस्पताल ले जाया गया। केरल में दो बसों के बीच दोपहिया वाहन फंस जाने से दो लोगों की मौत हो गई। शुक्रवार को सुबह लगभग सवा छह बजे एक बड़े सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई।

पलारीवट्टोम के पास केरल राज्य सड़क परिवहन निगम की दो बसों के बीच दो पहिया वाहन फंस जाने से दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने कहा कि दोपहिया वाहन केएसआरटीसी बस के पीछे था, तभी दूसरी बस पीछे से आई। पीछे वाली बस मोटरसाइकिल और उसके आगे वाली बस से टकरा गई। इससे मोटरसाइकिल पर सवार दोनों व्यक्तियों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि पीछे वाली बस के चालक को हिरासत में ले लिया गया। केएसआरटीसी बस में सवार कुछ यात्रियों को मामूली चोटें आईं। पुलिस ने बताया कि पूरे मामले की जांच जारी है। पीड़ितों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।




# आखिर आ ही गए मणिशंकर अय्यर, अब बोले, 'पाकिस्तान के पास परमाणु बम है, अगर कोई पागल आ जाए तो...'

**जालंधर (दीपांशु चोपड़ा) :** अपने बयानों की वजह से अक्सर कांग्रेस की फजीहत कराने वाले मणिशंकर अय्यर ने एक बार फिर एक बयान दे डाला है. चुनावी मौसम में सैम पित्रोदा के बाद मणिशंकर अय्यर ने कुछ ऐसा कह दिया है जो कांग्रेस की चिंताएं बढ़ा सकता है.

मणिशंकर ने कहा है कि पाकिस्तान के पास परमाणु बम है इसलिए भारत को थोड़ा संभलकर रहना चाहिए.

मणिशंकर अय्यर ने इस वीडियो में कहा है, वह भी एक सॉवरेन मुल्क है, उनकी भी एक इज्जत है और इस इज्जत को कायम रखते हुए आपको जितनी कड़ी बात रखना चाहते हो करो लेकिन बात तो करो. बंदूक को लेकर आप घूम रहे हो, उससे क्या हल मिलेगा? कुछ नहीं, तनाव बढ़ते जाता है. कोई भी पागल वहां आ जाए तो क्या होगा देश का, उनके पास एटम बम हैं, हां हमारे पास भी हैं लेकिन किसी पागल ने हमारे बम को लाहौर स्टेशन में फोड़ा तो उसकी रेडियोएक्टिविटी 8 सेकंड में अमृतसर पहुंचेगी.



**पाकिस्तान को इज्जत दो वरना...**

कांग्रेस नेता अय्यर आगे कहते हैं, ऐसे बम वगैरह रखकर आप उनका इस्तेमाल करने से रोको. अगर आपने उनसे बात की, उनको इज्जत दी तभी वह अपने बम के बारे में नहीं सोचेंगे लेकिन अगर आपने उन्हें ठुकरा दिया, बच्चे जैसे कुट्टी कहते रहे तो कोई पागल वहां जाए और बम निकाल ले तो वहां क्या होगा? हमें समझना चाहिए कि विश्व गुरु बनना हो तो हमें यह दिखाना चाहिए कि कितनी भी समस्या हो पाकिस्तान के साथ, हम उसे सुलझाने की कोशिश कर रहे हैं.

परमाणु बम का डर दिखाते हुए मणिशंकर अय्यर कहते हैं, पिछले 10 साल से सारा मेहनत बंद है. मस्कुलर पॉलिसी काम नहीं करेगी, अगर आपके मसल्स हों और उनके न हों. मैंने अभी आपको बता दिया है जो हकीकत है. उनके मसल्स कहूटा में पड़े हैं. कहीं गलतफहमी फैल जाए तब दिक्कत में पड़ेंगे.

## कांग्रेस पर भड़की बीजेपी

अब इस बयान पर बीजेपी ने जोरदार पलटवार किया है. बीजेपी प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा है, कांग्रेस का पाकिस्तान प्रेम रुकने का नाम नहीं ले रहा है. प्रथम परिवार के करीबी मणिशंकर अय्यर पाकिस्तान की मसल पावर और शक्ति दिखा रहे हैं. मणिशंकर एक बार पाकिस्तान भी जा चुके हैं सहायता मांगने कि मोदी को हटाना है. अब वह कहते हैं कि जो पाकिस्तान हमारे यहां आतंकवादी भेजता है, हमें उनको इज्जत देनी चाहिए.

मणिशंकर के बयान पर पलटवार करते हुए केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है, राहुल गांधी, कांग्रेस और मणिशंकर पाकिस्तान की भाषा बोल रहे हैं. जो पाकिस्तान आज खाने को मोहताज है. हम यही कहेंगे कि कांग्रेस दोगली नीति छोड़े, हिंदुस्तान इतना ताकतवर है कि अगर वह आंख दिखाएगा तो भूगोल में दिखाई नहीं देगा.

## कौन हैं मणिशंकर अय्यर?

इससे पहले भी मणिशंकर अय्यर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी करके कांग्रेस पार्टी और अपनी फजीहत करवा चुके हैं. भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी रहे मणिशंकर अय्यर राजीव गांधी के समय राजनीति में आए थे और यूपीए की सरकार में केंद्रीय मंत्री भी रह चुके हैं. वह तमिलनाडु की मयिलादुतुरई लोकसभा सीट से 1999 से 2009 तक लोकसभा सांसद रहे हैं. इसके अलावा, वह राज्यसभा के सदस्य भी रहे हैं. 2010 से 2016 तक राज्यसभा में रहने के बाद से वह किसी सदन का हिस्सा नहीं हैं.

# अरविंद केजरीवाल के जेल से बाहर आने के बाद किसको होगा फायदा? जानें क्या कहते हैं एक्सपर्ट

**जालंधर (हर्ष शर्मा) :** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम जमानत मिलने के बाद तिहाड़ जेल से रिहा हो गए हैं। केजरीवाल के जेल से बाहर आने से आम आदमी पार्टी को फायदा होगा या फिर बीजेपी को नुकसान होगा। इस विषय पर इंडिया टीवी के कार्यक्रम 'कॉफी पर कुरुक्षेत्र' कार्यक्रम में एक्सपर्ट से एंकर सौरभ शर्मा ने बातचीत की। इंडिया टीवी के राजनीतिक संपादक देवेंद्र पाराशर ने कहा कि केजरीवाल का जेल से बाहर आना बीजेपी के लिए सेहतमंद नहीं होगा। वह अपने बयानों के जरिए मीडिया में सुर्खियां बटोरेंगे। वह नैरेटिव बनाने में माहिर हैं।



## केजरीवाल का जेल से बाहर आना बीजेपी के लिए फायदेमंद नहीं

देवेंद्र पाराशर ने कहा कि केजरीवाल के जेल से बाहर आने पर आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ेगा। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि दिल्ली की सात लोकसभा सीटों में से छह पर बीजेपी कंफर्टेबल महसूस कर रही है। इन सीटों पर केजरीवाल के जेल से आने का कोई फर्क नहीं पड़ेगा। सिर्फ ईस्ट दिल्ली सीट पर बीजेपी थोड़ा पीछे है। तीन विधानसभा क्षेत्रों में बीजेपी पिछड़ रही है। रही बात नैरिटिव की तो राहुल गांधी जितना चले वह बीजेपी को सूट करता है लेकिन केजरीवाल कम्युनिकेशन में बहुत स्मार्ट हैं। वह बीजेपी नेताओं से पीछे नहीं हैं। देवेंद्र पाराशर ने दावा किया कि केजरीवाल का जेल से बाहर आना बीजेपी के लिए फायदेमंद नहीं है।

## दीपक चौरसिया बोले- अब सहानुभूति नहीं मिलेगी

वहीं, सीनियर पत्रकार दीपक चौरसिया ने कहा कि उन्हें नहीं लगता केजरीवाल को अब कोई सहानुभूति मिलेगी। इससे पहले अगर आप नेता केजरीवाल की फोटो लेकर वोट मांगते तो शायद कुछ सहानुभूति मिल सकती थी लेकिन अब वो लोग क्या बोलेंगे। हालांकि चौरसिया ने यह भी कहा कि केजरीवाल ने पॉलिटिकल नैरेटिव बनाना बीजेपी वालों से ही सीखा है। उनकी कम्युनिकेशन स्किल बहुत अच्छी है। इससे वह बीजेपी को परेशान कर सकते हैं। उनको मीडिया अटेंशन ज्यादा मिलेगा।

# आवास पर पहुंचते ही केजरीवाल को संजय सिंह ने गोद में उठाया

## खूब हुई आतिशबाजी; ढोल-नगाड़ों पर जमकर थिरके कार्यकर्त्ता

**जालंधर (हिमांशु) :** दिल्ली की तिहाड़ जेल से रिहा होने के बाद सीएम अरविंद केजरीवाल अपने आवास पहुंचे। इस दौरान आवास को खूबसूरती से सजाया गया था। आवास के बाहर फूलों को बिछाया गया था।

कार्यकर्ता जुटे थे और ढोल-नगाड़ों के साथ उनका आवास पर जोरदार स्वागत किया गया। वहीं उनके पहुंचते ही जमकर आतिशबाजी की गई।

जब केजरीवाल अपने आवास पर पहुंचने वाले थे, हजारों कार्यकर्ता पलक-पांवरे बिछाकर उनका इंतजार कर रहे थे। इस दौरान जमकर आतिशबाजी हो रही थी। लोग ढोल-नगाड़ों की थाप पर जमकर थिरक रहे थे। इस दौरान मिठाईयां भी खूब बांटी जा रही थी। जब इंतजार की घड़ियां खत्म हुई और केजरीवाल आवास के दरवाजे पर पहुंचे तो कार्यकर्ताओं में खूब जोश भर गया। इस दौरान जमकर नारेबाजी की गई।

### संजय सिंह ने गोद में उठाया

केजरीवाल के आवास पहुंचते ही राज्यसभा सांसद संजय सिंह उनके स्वागत में खड़े थे। उन्होंने केजरीवाल को अपनी गोद में उठा लिया।

इस दौरान आप के तमाम बड़े नेता जैसे सौरभ भारद्वाज, सोमनाथ भारती, कैलाश गहलोत भी मौजूद रहे। सभी ने केजरीवाल के गले मिलकर उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान लोगों में खूब उत्साह देखा गया।

### मां-पिता से मिलकर भावुक हुए केजरीवाल

आवास पर पहुंचते ही केजरीवाल के मां-पिता दरवाजे पर फूल माला लेकर खड़े थे। केजरीवाल ने दोनों के पैर छूए। उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल ने उनको टीका लगाकर स्वागत किया। फिर केजरीवाल को उन्होंने माला पहनाया। इसके बाद केजरीवाल ने अपनी मां को गले लगाकर भावुक हो गए।

### शनिवार को रोड शो करेंगे केजरीवाल

वहीं केजरीवाल आवास पर पहुंचते ही कार्यकर्ताओं को संबोधित भी किया। उन्होंने कहा, हमारा देश 4,000 साल से भी ज्यादा पुराना है. लेकिन जब भी किसी ने इस देश पर तानाशाही थोपने की कोशिश की, तो लोगों ने इसे कभी बर्दाश्त नहीं किया। आज देश तानाशाही के दौर से गुजर रहा है। मैं इसके खिलाफ लड़ रहा हूं, लेकिन 140 करोड़ लोग एक साथ आना होगा और तानाशाही को हराना होगा।

उन्होंने कहा कि कल सुबह 11 बजे मैं भगवान हनुमान का आशीर्वाद लेने के लिए कनॉट प्लेस स्थित हनुमान मंदिर जाऊंगा और दोपहर 1 बजे पार्टी कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करूंगा। शाम को मैं दक्षिण दिल्ली में एक रोड शो में भाग लूंगा।

